AGLASEM

UBSE QUESTION Papers

HALF YEARLY EXAM

DOWNLOAD

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2024-2025

विषय – हिन्दी

समय – 3 घंटा | कक्षा – 9 | पूर्णांक – 80

निर्देश– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

यह अध्यापक का काम है कि वह अपने छात्र में चित्त एकाग्र करने का अभ्यास डाले। एकाग्रता आत्म–साक्षात्कार की कुंजी है। एकाग्रता का उपाय यह है कि छात्र में मैत्री, करूणा, मुदिता और उपेक्षा का भाव उत्पन्न किया जाए और उसे निष्काम कर्म में प्रवृत्त किया जाए। दूसरे के सुख को देखकर सुखी होना मैत्री और दुःख देखकर दुःखी होना करूणा है। किसी को अच्छा काम करते देखकर प्रसन्न होना और उसका प्रोत्साहन करना मुदिता और दुष्कर्म का विरोध करते हुए अनिष्टकारी से शत्रुता न करना उपेक्षा है। ज्यों–ज्यों यह भाव जागते हैं, त्यों–त्यों ईर्ष्या–द्वेष की कमी होती है। यह बातें हँसी–खेल नहीं हैं, परन्तु चित्त को उधर फेरना तो होगा ही, सफलता चाहे बहुत धीरे प्राप्त हो। इस प्रकार का प्रयास भी मनुष्य को ऊपर उठाता है। निष्कामिता की कुंजी यह है कि अपना ख्याल कम और दूसरों का अधिक किया जाए। आरम्भ में ही परार्थ साधन, लोक संग्रह और जीव–सेवा के भाव उत्पन्न किए जाएं। जब कभी मनुष्य से थोड़ी देर के लिए सच्ची सेवा बन पड़ती है। तो उसे बड़ा आनन्द मिलता है। भूखे को अन्न देते समय, जलते या डूबते को बचाते समय, रोगी की शुश्रूषा करते समय कुछ देर के लिए उसके साथ तन्मयता हो जाती है।

(क) 'एकाग्रता ही आत्म–साक्षात्कार की कुंजी है', इस कथन को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) 'निष्काम कर्म' से आप क्या समझते हैं ? 2

(ग) ईर्ष्या–द्वेष से मुक्त होने के लिए व्यक्ति में किन गुणों का विकास जरूरी है? 2

(घ) सच्ची जीव–सेवा किस रूप में की जा सकती है ? 1

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का समुचित शीर्षक लिखिए। 1

2. दिये गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए– 8

(क) देवभूमि उत्तराखण्ड

(अ) प्रस्तावना
(ब) उत्तराखण्ड की भौगोलिक स्थिति
(स) उत्तराखण्ड की भाषा
(द) उत्तराखण्ड के पर्यटक एवं धार्मिक स्थल
(य) उपसंहार

(ख) बेटी बचाओ बेटी पढाओ

(अ) प्रस्तावना
(ब) बेटी बचाओ बेटी पढाओ क्या है
(स) अभियान का उद्देश्य
(द) वर्तमान में समाज की मानसिकता
(य) अभियान की आवश्यकता
(फ) उपसंहार

3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 4
(आपके विद्यालय का नाम रा०इ०का० क, ख, ग है।)

अथवा

भाषण प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

4. (क) निम्नलिखित उपसर्गों से शब्द निर्माण कीजिए– 1
अन, अभि,

(ख) निम्न शब्दों से प्रत्यय अलग कर लिखिए– 1
गोपनीय, दैनिक

(ग) दशानन में कौन–सा समास है ? 1

(अ) द्विगु समास (ब) द्वन्द्व समास (स) बहुवीहि समास (द) कर्मधारय समास

(घ) **'रमेश' शब्द का संन्धि विच्छेद है–** 1

(अ) रमा + ईश (ब) राम + ईश (स) रामा + ईश (द) रामे + ईश

5. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–** 1+1+1=3

(क) 'उपयोग' शब्द में उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए।

(ख) दिनेश आज विद्यालय जाएगा (निषेधात्मक वाक्य में बदलिए)

(ग) राधिका साइकिल से विद्यालय जाती है। (रेखांकित पद में प्रयुक्त कारक एवं विभक्ति लिखिए)

6. अनुप्रास और उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर किसी एक पद्यांश के नीचे दिये गये के उत्तर लिखिए–**

रोमांचित सी लगती वसुधा आई जौ गेंहूँ में बाली
अरहर सनई की सोने की किंकिणियां है शोभा वाली ।
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध फूली सरसों पीली पीली ,
लो हरित धरा से झाँक रही नीलम की कली तीसी नीली ।

(क) अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं? 3

(ख) **सरसों के फूलों से कैसी गन्ध आ रही है ?** 1

(अ) तैलाक्त (ब) खट्टी–खट्टी (स) मीठी–मीठी (द) रोमांचित

(ग) **लो हरित धरा से झाँक रही नीलम की कली तीसी नीली–पंक्ति मे कौन–सा अलंकार है ?** 1

(अ) मानवीकरण (ब) उपमा (स) रूपक (द) अतिशयोक्ति

(घ) **ग्राम श्री कविता के रचयिता हैं–**

(अ) सुमित्रानन्दन पन्त (ब) अयोध्या सिंह (स) महादेवी वर्मा (द) हरिशंकर परसाई

अथवा

ऊँची काली दीवारों के घेरे में डाकू चोरों बटमारों के डेरे में
जीने को देते नहीं पेट भर खाना मरने भी देते नहीं तड़प रह जाना
जीवन पर अब दिन–रात कड़ा पहरा है, शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है ?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली, इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली ?

(क) उपर्युक्त कविता का भावार्थ लिखिए।

(ख) **कोयल इस कविता में क्या कार्य कर रही है ?**

(अ) स्वतंत्रता के संघर्ष के लिए प्रेरणा प्रदान करने का
(ब) अपने पंचम स्वर से लोगों को प्रसन्नता प्रदान करने का
(स) लोगों को पीड़ा पहुँचाने का (द) लोगों को नींद से जगाने का

(ग) **कैदी और कोकिला कविता में अपनी बात करने के लिए कवि ने किसको माध्यम बनाया है ?**

(अ) जेल को (ब) ब्रिटिश सरकार को (स) कोयल को (द) स्वतंत्रता सेनानियों को

(घ) **हिमकर का पर्यायवाची शब्द क्या है ?**

(अ) रजनी (ब) आदित्य (स) पंकज (द) चन्द्रमा

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** 2+2=4

(क) ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ख) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन–किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

(ग) मनुष्य ईश्वर को कहाँ–कहाँ ढूँढता–फिरता है ?

9. **निम्न गद्यांशों को पढ़कर किसी एक गद्यांश के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

दोनों मित्रों को जीवन में पहली बार ऐसा साबिका पड़ा कि सारा दिन बीत गया और खाने

को एक तिनका भी न मिला। समझ ही न आता था, यह कैसा स्वामी है। इससे तो गया फिर भी अच्छा था। यहाँ कई भैसें थी, कई बकरियाँ, कई घोड़े, कई गधे, पर किसी के सामने चारा न था, सब जमीन पर मुर्दों की तरह पड़े थे। कई तो इतने कमजोर हो गये थे कि खड़े भी न हो सकते थे। सारा दिन दोनों मित्र फाटक की ओर टकटकी लगाए ताकते रहे, पर कोई चारा लेकर आता न दिखाई दिया। तब दोनों ने दीवार की नमकीन मिट्टी चाटनी शुरू कर दी पर इससे भला क्या तृप्ति होती?

(क) 'भूख मीठी' या भोजन मीठा से सम्बन्धित तथ्य पर गद्यांश के आलोक में प्रकाश डालिए। 3

(ख) **दो बैलों की कथा के लेखक हैं–** 1

(अ) राजेश जोशी (ब) यामाचरण दुबे (स) जाबिर हुसैन (द) उपरोक्त कोई नहीं

(ग) **'टकटकी लगाना' मुहावरे का अर्थ है–** 1

(अ) कड़ी प्रतिक्रिया (ब) कठिन परिश्रम (स) निराश होना (द) निरन्तर देखना

(घ) **अधिक भूख लगने पर बैलों ने क्या खाया?** 1

(अ) हरी घास (ब) दीवार की नमकीन मिट्टी

(स) चारा–दाना (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

अथवा

हम लोग तब अपने जेब खर्च में से हमेशा एक–एक दो–दो आने देश के लिए बचाते थे और बापू आते थे तो पैसा उन्हें दे देतें थे। उस दिन जब बापू के पास मैं गई तो अपना कटोरा भी लेती गई। मैंने निकालकर बापू को दिखाया। मैंने कहा कविता सुनाने पर मुझको यह कटोरा मिला है। कहने लगे–अच्छा दिखा तो मुझे। मैंने कटोरा उनकी ओर बढ़ा दिया तो उसे हाथ में लेकर बोले, तू देती है इसे ? अब मैं क्या कहती ? मैंने दे दिया और लौट आई। दुःख यह हुआ कि कटोरा लेकर कहते कविता क्या है ? पर कविता सुनाने को उन्होंने नहीं कहा। लौटकर अब मैंने सुभद्रा जी से कहा कि कटोरा तो चला गया। सुभद्रा जी ने कहा– और जाओं दिखाने।

(क) महादेवी वर्मा को दुःख किस बात का था ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) **महादेवी वर्मा को काव्य–प्रतियोगिता में क्या मिला था ?**

(अ) एक शॉल (ब) गीतों की पुस्तक (स) चाँदी की थाली (द) चाँदी का कटोरा

(ग) **महादेवी वर्मा द्वारा यह पाठ किस विधा में लिखा गया ?**

(अ) नाटक (ब) संस्मरण (स) निबन्ध (द) कहानी

(घ) **महादेवी वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ ?**

(अ) सन् 1910, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड (ब) सन् 1907, फर्रूखाबाद उत्तरप्रदेश

(स) सन् 1907, जबलपुर, मध्यप्रदेश (द) सन् 1910, जयपुर, राजस्थान

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2=4

(क) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

(ख) लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

(ग) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी?

11. कृतिका के पाठों के आधार पर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2x3=6

(क) शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की–समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में कौन–कौन सी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है?

(ग) रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को प्रकट करता है?

(घ) मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों?

12. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

पुराणेषु कथितम् अस्ति यत् पर्वतराज हिमालयस्य पुत्र्याः नन्दायाः विवाहः कैलाशवासिना भगवता शिवेन सह अभवत्। शिवस्य आवासः हिमालयस्य गहनासु उपत्यकासु विद्यते। ततः सा भगवती नन्दा वारं–वारं स्वपितुः गृहम् आगन्तुं न शक्नोति। अतः प्रत्येकस्मिन् द्वादशे वर्षे स्व–पितुगृहम् आगच्छति। नन्दायाः स्वपितुः गृहागमनेन तत्रत्याः जनाः अतीव प्रसन्नाः भूत्वा लोकोत्सवान् आयोजयन्ति परन्तु पुनः एतादृशः अवसरोऽपि समागच्छति यदा नन्दा पुनःपतिगृहम गच्छति।

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद के आधार पर तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए–2+2=4

(अ) शिवस्य आवासः कुत्र विद्यते? **(ब)** पुराणेषु किं कथितम्?

(स) नन्दायाः विवाह केन सह अभवत्?

(ख) निर्देशानुसारम् उत्तरत– 1+1=2

(अ) आयोजयन्ति इति क्रियायाः कर्तृपदं किम्?

(ब) हिमालयस्य विशेषण पदं किं प्रयुक्तम्?

13. निम्नलिखित श्लोक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

एकचक्षुर्न काकोऽयं बिलमिच्छन्न पन्नगः।
क्षीयते वर्धते चैव न समुद्रो न चन्द्रमा।।

(क) उपर्युक्त श्लोक को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2

(अ) पन्नगः किम् इच्छति? **(ब)** एकचक्षु कः अस्ति?

(ख) कः क्षीणोऽपि पुनः वर्धते? 1

(अ) सूर्यः **(ब)** चन्द्रः **(स)** अग्निः **(द)** वृक्षः

(ग) कः कः क्षीयते वर्धते च ? 1

14. पठित पाठाधारितान् त्रीन् प्रश्नान् पूर्ण वाक्येन उत्तरतः – 2x3=6

(क) सर्प किम् इच्छति? **(ख)** विद्यालयगमनस्य कः समयः अस्ति?

(ग) तस्याः भीत्याः कारणं किम् आसीत्? **(घ)** नन्दाराजजातयात्रा कदा भवति?

15. दिये गये शब्दों में उचित शब्द चुनकर किन्हीं चार वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–4x½=2

(लोकयात्रेन, जलं, नद्यां, विवेकः, मकरः)

(क) अहं..... विद्यालयं गच्छामि। **(ख)** घटं.....धारयति।

(ग) हिमालयस्य पुत्री.....अस्ति। **(घ)** नवम कक्षायां.....पठति।

(ड़) नद्यां कश्चन.....आसीत्।

16. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2=4

(क) सन्धि कीजिए– (अ) नै+अकः **(ब)** प्रति+एक **(स)** सदा+एव **(द)** रमा+ईशः

(ख) समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए– लम्बोदरः, नीलकमलम्

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त कारक और विभक्ति लिखिए–

(अ) वृक्षात् पत्राणि पतन्ति। **(ब)** राजा सेवकेन सह गच्छति।

17. निम्न में किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत मे अनुवाद कीजिए। 2

(क) मैं स्कूल जाता हूँ। **(ख)** हम क्रिकेट खेलतें हैं।

(ग) राम खाना खाता है। **(घ)** मैं पढ़ता हूँ।

अथवा

निम्न शब्दों की सहायता से चार वाक्य बनाइए

(क) कुत्र **(ख)** इदम् **(ग)** युष्माकम् **(घ)** हिमालयः **(ड़)** भारतम्

अथवा

अपनी पाठ्यपुस्तक से एक श्लोक लिखिए जो कि इस प्रश्नपत्र में न आया हो।

◆◆◆◆◆◆

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers